Master Court Glossary– English Hindi

1. Adjournment (स्थगन)

Meaning / अर्थ

English: Adjournment refers to the temporary suspension or postponement of court proceedings to another date when the case cannot continue as scheduled.

Hindi: स्थगन का अर्थ है न्यायालय की कार्यवाही को नियत तिथि पर आगे न बढ़ाते हुए किसी अन्य तारीख तक रोक देना।

Reasons / कारण:

- The judge is unavailable due to leave, illness, or official duty.
- Lawyers or parties seek more time to prepare.
- Witnesses or documentary evidence are not available.
- Unforeseen circumstances like strikes, calamities, or court holidays.

Example / उदाहरण:

If the defendant's lawyer is ill and unable to appear, the court may grant an adjournment so that fair representation is ensured.
यदि प्रतिवादी का वकील बीमार होकर उपस्थित न हो पाए, तो न्यायालय स्थगन देकर मामले की सुनवाई आगे की तारीख पर कर सकता है।

2. Mentioning (मेनशनिंग / उल्लेख करना)

Meaning / अर्थ

English: A short oral request made by a lawyer to the court—usually before regular proceedings begin—to urgently bring a matter to the judge's attention.

Hindi: यह वकील द्वारा न्यायालय में किया गया मौखिक अनुरोध होता है, प्रायः दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले, ताकि किसी तात्कालिक मामले को न्यायाधीश के संज्ञान में लाया जा सके।

Uses / प्रयोग:

- Request for early listing of a case.
- Seeking urgent relief such as a stay order.
- Highlighting urgent errors or issues requiring immediate judicial attention.

Example / उदाहरण:

If a demolition of property is scheduled for the next day, the lawyer may "mention" the matter in court to urgently seek a stay.
यदि किसी मकान का ध्वस्तीकरण अगले दिन होना है, तो वकील मामले को "मेनशन" करके न्यायालय से तत्काल स्थगन आदेश मांग सकता है।

3. Ex Parte Proceedings (एकपक्षीय कार्यवाही)

Meaning / अर्थ

English: Proceedings conducted in the absence of one party, usually because that party failed to appear despite receiving proper notice.

Hindi: ऐसी कार्यवाही जो एक पक्ष की अनुपस्थिति में की जाती है, जबकि उसे विधिवत नोटिस भेजा जा चुका हो।

Reasons / कारण:

- Party deliberately absent despite summons.
- To prevent unnecessary delay in justice.

Note / नोट: Ex parte orders can later be challenged and set aside if the absent party shows valid reason for absence.

Example / उदाहरण:

If the defendant does not appear despite repeated summons, the court may proceed ex parte and decide in favor of the plaintiff.
यदि प्रतिवादी बार-बार समन के बावजूद नहीं आता, तो न्यायालय एकपक्षीय कार्यवाही करके वादी के पक्ष में निर्णय दे सकता है।

SWIPE

Manupatra Academy

4. Interim Order (अंतरिम आदेश)

Meaning / अर्थ

English: A temporary order passed during the pendency of a case, to protect the interests and rights of the parties until final judgment is delivered.

Hindi: मुकदमे के अंतिम निपटारे तक पक्षकारों के अधिकारों की रक्षा हेतु दिया गया अस्थायी आदेश।

Types / प्रकार:

- **Stay Order** (स्थगन आदेश): Halts an action.
- **Interim Injunction** (अंतरिम निषेधाज्ञा): Prevents a party from doing something.
- **Interim Custody/Maintenance** (अंतरिम अभिरक्षा/भरण-पोषण): Provides temporary custody or financial support.

Example / उदाहरण:

In a divorce case, the court may grant interim maintenance to a spouse until the case is decided.
तलाक के मुकदमे में न्यायालय एक पक्ष को अंतिम निर्णय तक भरण-पोषण हेतु अंतरिम आदेश दे सकता है।

SWIPE

Manupatra Academy

5. Stay Order (स्थगन आदेश)

Meaning / अर्थ

English: A judicial order stopping proceedings, execution, or enforcement of a decision temporarily.

Hindi: न्यायालय का आदेश जिसके द्वारा कार्यवाही या आदेश के पालन को अस्थायी रूप से रोका जाता है।

Reasons / कारण:

- To prevent irreparable harm or injustice.
- To maintain status quo until final decision.

Example / उदाहरण:

If a tenant is facing eviction, the court may issue a stay order preventing eviction until the case is heard fully.
यदि किरायेदार बेदखली का सामना कर रहा है, तो न्यायालय अंतिम सुनवाई तक बेदखली पर रोक लगाने का स्थगन आदेश दे सकता है।

SWIPE

Manupatra Academy

6. Judgment (निर्णय / फैसला)

Meaning / अर्थ

English: The final decision of a court that sets out facts, issues, arguments, reasoning, and the outcome of the case.

Hindi: न्या न्यायालय का अंतिम निर्णय जिसमें तथ्य, विवाद, तर्क, कानूनी आधार और परिणाम स्पष्ट रूप से लिखे जाते हैं।

Explanation / विवरण:

- Contains background facts, legal questions, evidence, and reasoning.
- Binding unless overturned by appeal.

Example / उदाहरण:

A criminal judgment may convict the accused and impose imprisonment for 5 years.
फौजदारी मामले में न्यायालय का निर्णय अभियुक्त को दोषी ठहराकर 5 वर्ष की सजा सुना सकता है।

SWIPE

Manupatra Academy

7. Decree (डिक्री / डिक्री-पत्र)

Meaning / अर्थ

English: A decree is the formal expression of an adjudication in a civil suit which conclusively determines the rights of the parties.

Hindi: डिक्री वह औपचारिक आदेश है जो दीवानी मुकदमे में पक्षकारों के अधिकार और दायित्वों को अंतिम रूप से तय करता है।

Explanation / विवरण:

- It conclusively determines civil rights.
- It is enforceable (executable) like a command.

Example / उदाहरण:

In a property dispute, the court may pass a decree directing the transfer of possession to one party.
संपत्ति विवाद में न्यायालय डिक्री पारित करके कब्जा एक पक्ष को सौंपने का आदेश दे सकता है।

SWIPE

Manupatra Academy

8. Order (आदेश)

Meaning / अर्थ

English: A formal direction of the court, which may relate to procedure, interim relief, or even final disposal, but does not always amount to a decree.

Hindi: न्यायालय का औपचारिक निर्देश जो प्रक्रिया, अस्थायी राहत या अंतिम निपटान से जुड़ा हो सकता है, परंतु यह हमेशा डिक्री नहीं होता।

Types / प्रकार:

- **Interim Order** (अंतरिम आदेश): Temporary in nature.
- **Procedural Order** (प्रक्रिया संबंधी आदेश): Related to steps in the case.
- **Final Order** (अंतिम आदेश): May dispose of the matter without a decree.

Example / उदाहरण:

Granting bail in a criminal case is an order, not a decree.
फौजदारी मामले में जमानत देना आदेश है, डिक्री नहीं।

9. Decree Holder (डिक्री धारक)

Meaning / अर्थ

English: The party in whose favor a decree is passed.

Hindi: वह पक्ष जिसके पक्ष में न्यायालय ने डिक्री पारित की हो।

Rights / अधिकार:

- Has the right to enforce the decree.
- Can approach the court for execution of the decree.

Example / उदाहरण:

If A wins a money recovery suit against B, A becomes the decree holder.
यदि A, B के खिलाफ धन वसूली का मुकदमा जीत जाता है, तो A डिक्री धारक कहलाएगा।

SWIPE

Manupatra Academy

10. Judgment Debtor (निर्णय देनदार)

Meaning / अर्थ

English: The party against whom a decree is passed.

Hindi: वह पक्ष जिसके खिलाफ डिक्री पारित हुई है और जिसे डिक्री का पालन करना होता है।

Obligations / दायित्व:

- To comply with the decree, e.g., pay money, deliver possession, or perform an act.

Example / उदाहरण:

If the court orders B to pay ₹1,00,000 to A, then B becomes the judgment debtor.
यदि न्यायालय आदेश देता है कि B, A को ₹1,00,000 दे, तो B निर्णय देनदार कहलाएगा।

SWIPE

Manupatra Academy

11. Summons (समन)

Meaning / अर्थ

English: A legal notice issued by the court requiring a person to appear before it on a particular date.

Hindi: न्यायालय द्वारा जारी कानूनी सूचना, जिसमें किसी व्यक्ति को निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने का आदेश दिया जाता है।

Example / उदाहरण:

The defendant in a civil suit receives a summons to file a written statement.
दीवानी मुकदमे में प्रतिवादी को लिखित जवाब दाखिल करने हेतु समन भेजा जाता है।

SWIPE

Manupatra Academy

12. Warrant (वारंट)

Meaning / अर्थ

English: A written order issued by a court authorizing police to arrest a person, search premises, or seize property.

Hindi: न्यायालय का लिखित आदेश जिसके द्वारा पुलिस को किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने, परिसर की तलाशी लेने या संपत्ति जब्त करने की अनुमति मिलती है।

Types / प्रकार:

- Arrest Warrant (गिरफ्तारी वारंट)
- Search Warrant (तलाशी वारंट)

Example / उदाहरण:

A search warrant may be issued to recover stolen property.
चोरी की संपत्ति बरामद करने हेतु न्यायालय तलाशी वारंट जारी कर सकता है।

SWIPE

Manupatra Academy

13. Bail (जमानत)

Meaning / अर्थ

English: The temporary release of an accused person, upon furnishing security, ensuring his/her presence in trial.

Hindi: अभियुक्त को मुकदमे के दौरान अस्थायी रूप से छोड़ा जाना, इस शर्त पर कि वह सुनवाई में उपस्थित रहेगा।

Example / उदाहरण:

If an accused is arrested for a bailable offence, he may be released on bail.
यदि किसी अभियुक्त को जमानती अपराध में गिरफ्तार किया गया है, तो उसे जमानत पर छोड़ा जा सकता है।

SWIPE

Manupatra Academy

14. Affidavit (हलफनामा)

Meaning / अर्थ

English: A written statement of facts sworn before an authority, used as evidence.

Hindi: तथ्यों का लिखित विवरण जिसे शपथपूर्वक प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

Example / उदाहरण:

A party may file an affidavit to confirm the truth of documents filed in court.
कोई पक्ष अपने प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता की पुष्टि हेतु हलफनामा दाखिल कर सकता है।

SWIPE

Manupatra Academy

15. Pleadings (दलील-पत्र)

Meaning / अर्थ

English: The written statements filed by parties in a case (plaint, written statement, replication) outlining their claims and defenses.

Hindi: मुकदमे में पक्षकारों द्वारा दायर लिखित कथन (वादपत्र, लिखित जवाब, प्रत्युत्तर) जिनमें उनके दावे और बचाव लिखे होते हैं।

Example / उदाहरण:

In a civil suit, the plaintiff files a plaint and the defendant replies with a written statement.
दीवानी मुकदमे में वादी वादपत्र दाखिल करता है और प्रतिवादी उसका लिखित उत्तर देता है।

16. Cross-Examination (प्रतिपरीक्षा)

Meaning / अर्थ

English: Questioning of a witness by the opposite party's lawyer to test the truth and reliability of statements made during examination-in-chief.

Hindi: गवाह से विपक्षी वकील द्वारा पूछताछ, ताकि मुख्य परीक्षण में दिए गए बयानों की सत्यता और विश्वसनीयता की जांच की जा सके।

Purpose / उद्देश्य:

- To expose falsehoods or inconsistencies.
- To clarify doubtful points.
- To test credibility of the witness.

Example / उदाहरण:

If a witness states that he saw the incident at 10 pm, the opposite lawyer may cross-examine him by asking where he was, whether there was enough light, etc.
यदि गवाह कहता है कि उसने घटना रात 10 बजे देखी, तो विपक्षी वकील उससे पूछ सकता है कि वह कहाँ था और क्या पर्याप्त रोशनी थी।

SWIPE

Manupatra Academy

17. Evidence (साक्ष्य)

Meaning / अर्थ

English: Anything presented before the court to prove or disprove facts in issue.

Hindi: वह सब कुछ जो न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए ताकि विवादित तथ्यों को सिद्ध या असिद्ध किया जा सके।

Types / प्रकार:

- Oral Evidence (मौखिक साक्ष्य)
- Documentary Evidence (दस्तावेजी साक्ष्य)
- Material/Physical Evidence (भौतिक साक्ष्य)
- Electronic Evidence (इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य – जैसे ईमेल, वीडियो, रिकॉर्डिंग)

Example / उदाहरण:

A CCTV footage submitted in a theft case is electronic evidence.
चोरी के मामले में प्रस्तुत सीसीटीवी फुटेज इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य है।

SWIPE

Manupatra Academy

18. Objection (आपत्ति)

Meaning / अर्थ

English: A formal protest raised by a lawyer during proceedings against the admissibility of evidence or a procedural step.

Hindi: न्यायालय की कार्यवाही के दौरान वकील द्वारा किसी साक्ष्य या प्रक्रिया के खिलाफ उठाई गई औपचारिक आपत्ति।

Example / उदाहरण:

If a lawyer tries to submit irrelevant photographs, the other side may object.
यदि वकील अप्रासंगिक तस्वीरें दाखिल करने की कोशिश करे, तो दूसरी ओर का वकील आपत्ति उठा सकता है।

SWIPE

Manupatra Academy

19. Contempt of Court (अदालत की अवमानना)

Meaning / अर्थ

English: Disobedience of or disrespect towards court's orders, dignity, or authority.

Hindi: न्यायालय के आदेशों, गरिमा या अधिकार की अवहेलना या अनादर।

Types / प्रकार:

- Civil Contempt (न्यायालय के आदेश का उल्लंघन)
- Criminal Contempt (न्यायालय या न्यायाधीश का अपमान, अवमाननापूर्ण कार्य)

Example / उदाहरण:

If someone publishes derogatory remarks against a judge, it may amount to criminal contempt.
यदि कोई न्यायाधीश के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी प्रकाशित करे, तो यह आपराधिक अवमानना कहलाएगा।

SWIPE

Manupatra Academy

20. Appeal (अपील)

Meaning / अर्थ

English: A request made to a higher court to review and change the decision of a lower court.

Hindi: उच्चतर न्यायालय से निम्न न्यायालय के निर्णय की समीक्षा और संशोधन का अनुरोध।

Features / विशेषताएँ:

- Right of appeal is statutory (depends on law).
- Appellate court may confirm, reverse, or modify decision.

Example / उदाहरण:

If a Sessions Court convicts an accused, he may appeal to the High Court.
यदि सत्र न्यायालय किसी अभियुक्त को दोषी ठहराए, तो वह उच्च न्यायालय में अपील कर सकता है।

21. Revision (पुनरीक्षण)

Meaning / अर्थ

English: The supervisory jurisdiction of a higher court to re-examine the legality or correctness of an order passed by a lower court.

Hindi: उच्च न्यायालय का अधिकार कि वह निचली अदालत के आदेश की वैधता और शुद्धता की जांच करे।

Example / उदाहरण:

If a Magistrate wrongly admits inadmissible evidence, the High Court may set it aside in revision.
यदि मजिस्ट्रेट गलत साक्ष्य स्वीकार कर ले, तो उच्च न्यायालय पुनरीक्षण में उसे निरस्त कर सकता है।

22. Execution (लागू करना / डिक्री का क्रियान्वयन)

Meaning / अर्थ

English: The process of enforcing or implementing a decree or order passed by the court.
Hindi: न्यायालय द्वारा पारित डिक्री या आदेश को लागू कराने की प्रक्रिया।

Example / उदाहरण:

If A wins a decree for possession of land, the court officer will ensure B vacates the land.
यदि A भूमि कब्जे का मुकदमा जीतता है, तो न्यायालय अधिकारी B को भूमि खाली करने के लिए बाध्य करेगा।

23. Tribunal (अधिकरण)

Meaning / अर्थ

English: A quasi-judicial body established for adjudication of specialized disputes.

Hindi: एक अर्ध-न्यायिक संस्था जो विशेष प्रकार के विवादों के निपटारे के लिए स्थापित की जाती है।

Example / उदाहरण:

- Income Tax Appellate Tribunal (आयकर अपीलीय अधिकरण)
- National Green Tribunal (राष्ट्रीय हरित अधिकरण)

SWIPE

Manupatra Academy

24. Jurisdiction (अधिकार क्षेत्र)

Meaning / अर्थ

English: The authority of a court to hear and decide a matter.

Hindi: न्यायालय का अधिकार जिससे वह किसी मामले की सुनवाई और निर्णय कर सके।

Types / प्रकार:

- Territorial Jurisdiction (भौगोलिक अधिकार क्षेत्र)
- Subject-matter Jurisdiction (विषय संबंधी अधिकार क्षेत्र)
- Pecuniary Jurisdiction (मूल्याधारित अधिकार क्षेत्र)

Example / उदाहरण:

A Small Causes Court cannot hear a high-value property dispute because of pecuniary limits.
लघु वाद न्यायालय उच्च मूल्य की संपत्ति विवाद नहीं सुन सकता क्योंकि उसका मूल्याधारित अधिकार क्षेत्र सीमित है।

SWIPE

Manupatra Academy

25. Caveat (कैविएट)

Meaning / अर्थ

English: A precautionary notice filed in court to ensure that no ex parte order is passed without hearing the filer.

Hindi: न्यायालय में दायर की जाने वाली एहतियाती सूचना जिससे यह सुनिश्चित हो कि बिना सुने एकपक्षीय आदेश न दिया जाए।

Example / उदाहरण:

If someone fears that an injunction may be sought against him, he may file a caveat.
यदि किसी को आशंका है कि उसके विरुद्ध निषेधाज्ञा मांगी जा सकती है, तो वह कैविएट दायर कर सकता है।